# जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान, उत्तराखण्ड
# की

## अन्य उपयोगी सूचनाऐं –

## (Other Important information's)

**जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान के प्रमुख कार्यक्रम :–**

1) उत्तराखण्ड चल की बहुमूल्य जड़ी – बूटियों का सर्वेक्षण एवं संरक्षण करना।
2) औषधीय पौधों की जैवीय विभिन्नता , बायोटैक्नोलॉजी व आनुवांशिकी सुधार पर शोध करना।
3) औषधीय पौधों की कृषि तकनीक विकसित करना व किसानों को कृषिकरण में सहायता प्रदान करना ।
4) औषधीय पादपों की गुणवत्ता नियंत्रण तथा सक्रिय तत्वों पर शोध व विकास करना।
5) मानव संसाधन विकास व औषधीय पादपों के कृषिकरण संबंधी सूचना का प्रचार – प्रसार करना।
6) उत्तराखण्ड में अनुसंधान एवं विकास कार्यो में लगी संस्थाओं /विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर दिशा निर्देशन प्रदान करना।
7) व्यावसायिक महत्व वाले जड़ी बूटी पौधों से लाभ प्राप्त करने हेतु उनकी खेती व प्रसंस्करण प्रोत्साहित करना।
8) जड़ी बूटी की उत्पादकता व गुणवत्ता बढ़ाने हेतु उनकी कटाई के पूर्व एवं पश्चात् की विधियों के विकास को प्रोत्साहन।
9) तेल प्रजातियों की उत्पादकता व गुणवत्ता बढ़ाने हेतु उनकी कटाई के पूर्व एवं पश्चात की विधियों एवं आसवन तकनीकों का विकास कर प्रोत्साहन देना।
10) गुणवत्ता – प्रमाणीकरण सुविधाऐं उपलब्ध कराना।
11) जड़ी बूटी पौध आधारित उद्योगों के निरन्तर विकास हेतु उनकी मॉग व आवश्यकता केन्द्रित शोध करना।
12) जड़ी बूटी उद्योगियों एवं कृषकों को नवीनतम सूचनाओं की जानकारी देना।

13) जड़ी बूटी पौधों के क्षेत्र में गुणवत्ता वाले उत्पादों एवं सेवाऐं देने को उत्तराखण्ड की उत्कृष्ठ पहचान बनाते हुए उपलब्ध सगंध प्रजातियों को लम्बे समय तक उपयोगी बनाना।

## जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान द्वारा सूचना प्राप्त करने की प्रकिया :–

**सूचना के लिए अनुरोध निम्न प्रकार करें :–**

- सूचना प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति हिन्दी अथवा अंग्रजी में लिखित रूप में या ई0मेल द्वारा अनुरोध कर सकते हैं।
- सूचना का आवेदन पत्र जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्था के लोक सूचना अधिकारी को दिया जाएगा।
- यदि कोई अनुरोधकर्ता आवेदन पत्र लिखने में असमर्थ हो तो लोक सूचना अधिकारी सहायता प्रदान करके उसके मौखिक अनुरोध को लिखित रूप में दर्ज करेंगे।
- आवेदन पत्र में कुछ आवश्यक जानकारी देना जरूरी है जिससे उस पर कार्यवाही करने में सहुलियत / आसानी हो।

**आवेदन – पत्र में उल्लेख की जाने वाली बातें निम्नवत् हैं :–**

- **अनुरोधकर्ता का नाम**
- **पिता / पति का नाम**
- **पत्राचार /सम्पर्क का पूरा पता**
- **इच्छित सूचना का स्पष्ट विवरण**
- **आवेदन का शुल्क जमा करने का प्रमाण**
- **गरीबी रेखा से नीचे आय का प्रमाण (यदि कोई हो)**
- **आवेदन पत्र जमा करने की तिथि**
- **आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान**

## जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान द्वारा सूचना प्राप्ति के लिए निर्धारित शुल्क :–

सूचना निर्धारित शुल्क के भुगतान पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। तथापि गरीबी रेखा से नीचे के आवेदक द्वारा कोई शुल्क देय नही होगा।

**आवेदन शुल्क : –**

सूचना के लिए अनुरोध करते समय आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शुल्क रू0 10 देय होगा। आवेदन शुल्क दिये बगैर सूचना का अनुरोध स्वीकार नही होगा।

**आवेदन शुल्क रू0 10 प्रति आवेदन पत्र के अतिरिक्त सूचना प्राप्ति के लिए निर्धारित शुल्क निम्न प्रकार है :–**

- **सूचना की :–**

  **1)** तैयार की गयी सामग्री अथवा

  **2)** अभिलेख की छाया प्रति देने पर A4 या A3 साईज के एक पृष्ठ का रू0 2 प्रति पेज

- बड़े आकार के कागज में किसी प्रतिलिपि दिये जाने पर उसकी वास्तविक लागत।
- अभिलेखों का निरीक्षण करने के लिये प्रथम घंटे हेतु कोई शुल्क नही एवं उसके पश्चात् प्रत्येक 15 मिनट अथवा उसके भाग हेतु शुल्क रू0 5.00
- सी.डी./ फ्लापी में सूचना उपलब्ध कराने के लिये रू0 50 प्रति सी.डी/फ्लापी।
- मुद्रित प्रारूप में दी गयी सुचना के लिऐ , ऐसे प्रकाशन के लिए नियम कीमत या ऐसे प्रकाशन से उद्वरणों की फोटो प्रति के लिए प्रति पृष्ठ रू0 2.00 ।
- सैम्पल / मॉडल की दशा में उसकी वास्तविक लागत।

**जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान में योजना का कियान्वयन :–**

संस्थान निम्न सिद्वान्तों का परस्पर भागीदारी द्वारा सफल क्रियान्वयन कर अपनी प्रतिस्पर्धा शक्ति बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील है :–

- ❖ उत्पादक एवं केता की सेवा को प्राथमिकता देना।
- ❖ परस्पर सहयोग से उद्यमिता को प्रोत्साहन देना।
- ❖ उच्च व्यावसायिक , नीतिगत एवं गुणवत्ता आधारित केन्द्र के रूप में मान्यता पाना।
- ❖ शोध एवं विकास द्वारा नवीनताऐं लाना।

**-x-x-x-x-**